प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

01.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

नए आपराधिक कानून

देश में आज से तीन नये आपराधिक कानून– भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू हो गये हैं। केन्द्र सरकार ने इस बारे में राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के साथ नियमित बैठकें की हैं और वे नये कानूनों को लागू करने से संबंधित प्रौद्योगिकी, क्षमता निर्माण और जागरूकता सृजन के लिए पूरी तरह तैयार हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि आज से लागू हुए तीन आपराधिक कानूनों से देश में सबसे आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली स्थापित होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकाचार में अंतर्निहित ये नई आपराधिक न्याय प्रणाली अब पूरी तरह से स्वदेशी है। इन कानूनों के बारे में नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए श्री शाह ने कहा कि नए कानून त्वरित न्याय और पीड़ितों के अधिकार सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि पहले केवल पुलिस के अधिकारों की रक्षा की जाती थी लेकिन अब पीड़ितों और शिकायतकर्ताओं के अधिकारों की भी रक्षा की जाएगी। गृह मंत्री ने कहा कि सरकार ने देश विरोधी गतिविधियों के खिलाफ राजद्रोह कानून को खत्म कर नए प्रावधान लागू किए हैं।

चुनाव प्रचार

प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों देहरा, नालागढ़ और हमीरपुर में 10 जुलाई को होने वाले उप चुनाव के लिए अब नौ दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में चुनाव प्रचार ने भी जोर पकड़ लिया है और भाजपा व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में रैलियों व नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से वोट मांग रहे हैं। मतों की गणना 13 जुलाई को होगी।

नरेश चौहान

प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष नरेश चौहान ने देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ तीन विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनावों में कांग्रेस की जीत का दावा किया है। शिमला में आज एक पत्रकारवार्ता में उन्होंने भाजपा पर प्रदेश में बहुमत की सरकार गिराने का षडयंत्र रचने का आरोप लगाया। नरेश चौहान ने कहा कि हिमाचल में पहली बार ऐसा हुआ है कि बहुमत की

सरकार को गिराने का प्रयास किया गया और प्रदेश की जनता इस तरह की धन–बल की राजनीति को स्वीकार नहीं करती है।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने प्रदेश सरकार पर खनन, नशा व गुंडा माफिया को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि देवभूमि हिमाचल में गुंडाराज हावी हो गया है और खनन, वन और नशा माफिया के हौंसले बुलंद है।

बिंदल ने कहा कि कांग्रेस सरकार के बीते डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और सरकार का सत्ता में बने रहना आम जनता के लिए घातक है। उन्होंने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकारी तंत्र प्रदेश के लोगों और उनके जीवन से खिलवाड़ कर रहा है और सरकार स्वयं कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ा रही हैं। बिंदल ने प्रदेश में 10 जुलाई को होने वाले तीन विधानसभा उपचुनावों में भाजपा की जीत का दावा भी किया।

अभियान

देश भर में आज से ''स्टॉप डायरिया अभियान'' शुरू हो गया है। 31 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान का विषय है ''डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान। अभियान के दौरान प्रदेश भर में पांच वर्ष तक की आयु के बच्चों में डायरिया को पूरी तरह समाप्त करने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। किन्नौर के उपायुक्त अमित कुमार शर्मा ने क्षेत्रीय अस्पताल रिकांगपिओ से स्टॉप डायरिया अभियान का शुभांरभ किया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से इस अभियान को सफल बनाने के लिए गांव–गांव जाकर लोगों को डॉयरिया के प्रति जागरूक करने का आहवान किया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सोनम नेगी ने स्टॉप डायरिया अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इधर कुल्लू जिला क्षेत्रीय अस्पताल में उपायुक्त तोरूल एस.रवीश ने स्टॉप डायरिया अभियान का शुभारंभ किया और शिशुओं के अभिभावकों को ओआरएस घोल और जिंक की दवाइयां वितरित की। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नागराज पवार ने कहा कि जिले में आशा वर्कर के माध्यम से दो माह तक सभी घरों में 5

साल तक के छोटे बच्चों को डायरिया से बचाने के लिए ओआरएस घोल और जिंक की दवाइयां वितरित की जाएगी।

पैंशनर बैठक

हिमाचल प्रदेश पैंशनर एसोसिएशन ने अपने विभिन्न मुद्दों को लेकर सरकार से जे.सी.सी. बैठक बुलाने की मांग की है। शिमला में आज पैंशनर एसोसिएशन द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेशभर से पैंशनर मौजूद रहे। एसोसिएशन के अध्यक्ष आत्मा राम शर्मा ने बताया कि पैंशनरों की मुख्य मांगों में एरियर, ग्रैच्युटी का भुगतान और चिकित्सा बिल भी शामिल है। उन्होंने सरकार से पैंशनरों के मुद्दों को जल्द हल करने का आग्रह किया है।

---